# रांची में राज्यस्तरीय मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर

- डीसी भजंत्री ने छह के समारोह की तैयारियों का लिया जायजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राज्यस्तरीय मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम 06 जनवरी को खोजाटोली, नामकुम स्थित आर्मी ग्राउंड में आयोजित किया जाना है। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान मंजूनाथ भजंत्री ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को उचित व आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम स्थल पर पंडाल, मंच निर्माण, अतिथियों-लाभुकों के लिए भोजन-पेयजल, सुरक्षा, पार्किंग आदि व्यवस्था की बारीकी से डीसी ने जानकारी ली।

दूसरे जिलों से आनेवाले लाभुकों के लिए चिन्हित स्थानों पर अधीनस्थ कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कर भोजन, पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। नगर निगम के संबंधित पदाधिकारी को पर्याप्त संख्या में चलंत शौचालय की व्यवस्था एवं कार्यक्रम के दौरान और बाद में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

डीसी ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान साफ-सफाई के लिए टीम की प्रतिनियुक्ति करें।

### महिलाओं के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर होगी राशि

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना के राज्यस्तरीय कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। योजना के तहत राज्य की 56 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खाते में दिसंबर माह से बढ़ी हुई 2500 रुपये की सम्मान राशि ऑनलाइन ट्रांसफर की जायेगी। पहले यह समारोह 28 दिसंबर 2024 को होने वाला था लेकिन देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के बाद राज्य में सात दिनों के राजकीय शोक के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था।

# रांची से महाकुंभ के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें, तीर्थयात्री को जाना हुआ आसान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अगर आप प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ मेले में जाना चाहते हैं तो परेशान न हों, रेलवे आपकी यात्रा को संपूर्ण बनाएगा। रांची समेत देशभर के स्टेशनों से महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे कई स्पेशल ट्रेनें चला रहा है। अगर रांची रेल डिवीजन की बात करें तो रांची और मुरी जंक्शन से होकर आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें गुजरेंगी।

रांची रेल डिवीजन के सीनियर डीसीएम निशांत कुमार के अनुसार कुंभ मेले को लेकर रेलवे ने व्यापक तैयारी की है। स्पेशल ट्रेन के अलावा श्रद्धालुओं को कुंभ मेले की जानकारी देने के लिए सभी स्टेशनों पर बने पूछताछ केंद्र को एक्टिवेट कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक पांच जोड़ी ट्रेनें मिली हैं जो कुंभ के दौरान अलग-अलग तारीखों में अप और डाउन में चलेंगी।

### रांची से गुजरने वाली कुंभ स्पेशल ट्रेन

| | |
|---|---|
| 08067 | रांची–टूंडला कुंभ मेला स्पेशल |
| 08425 | भुवनेश्वर–टूंडला मेला स्पेशल |
| 08314 | टिटिलागढ़–टूंडला कुंभ मेला स्पेशल |
| 07107 | तिरुपति–बनारस कुंभ मेला स्पेशल |
| 07109 | नरसापुर–बनारस कुंभ मेला स्पेशल |

**13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में है कुंभ मेला**

प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित हो रहे कुंभ मेले में लाखों श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाएंगे। इस बार महाकुंभ के दौरान 06 दिन शाही स्नान सुनिश्ित हैं। जिसमें 13 जनवरी 2025- पौष पूर्णिमा, 14 जनवरी 2025- मकर संक्रांति, 29 जनवरी 2025- मौनी अमावस्या, 03 फरवरी 2025- बसंत पंचमी, 12 फरवरी 2025- माघी पूर्णिमा, 26 फरवरी 2025- महाशिवरात्रि का दिन शामिल हैं।

# आरओ वाटर प्लांट के संचालकों पर शिकंजा तीन माह के भीतर लेना होगा लाइसेंस

- बिना पंजीकरण के प्लांट संचालन का दोषी पाए जाने पर आर्थिक दंड लिया जाएगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची नगर निगम ने निगम क्षेत्र में आरओ वाटर प्लांट संचालित करनेवालों को लाइसेंस लेने के लिए तीन महीने का समय दिया है। निगम की ओर से गुरुवार को सूचना जारी करते हुए कहा गया है कि नगरपालिका क्षेत्र में अवस्थित आरओ वाटर प्लांट के संचालन, संचालन के लिए अनुज्ञप्ति जारी करने और इसके नवीकरण के लिए नियमावली का गठन किया गया है। इसके आलोक में निगम क्षेत्र में संचालित वाटर प्लांट वाले 3 माह के भीतर (2 अप्रैल तक) जरूरी दस्तावेज और शुल्क के साथ लाइसेंस ले लें। बिना पंजीकरण के प्लांट स्थापित करने या इसके संचालन का दोषी पाए जाने पर आर्थिक दंड लिया जाएगा। इसे सील भी किया जा सकता है।

**इन दस्तावेज की जरूरत**

निगम के मुताबिक, आरओ वाटर प्लांट के लिए लाइसेंस जरूरी है। इसके लिए आधार कार्ड, कंपनी या फर्म के मामले में निगमन या पंजीकरण डॉक्यूमेंट, अद्यतन बिजली बिल, होल्डिंग टैक्स रसीद, केंद्रीय भूगर्भ जल प्राधिकार के द्वारा निर्गत एनओसी, आर ओ वाटर उपचार संयंत्र संचालक के द्वारा फोटो के साथ वर्षा जल संचयन संरचना का विवरण। प्लांट स्थापित करने के लिए 5000 रुपए अनुज्ञप्ति शुल्क लगेंगे। वार्षिक शुल्क के तौर पर निगम को एकमुश्त 20,000 रुपए देने होंगे।

# झारखंड कैडर के पंकज कंबोज समेत चार आइपीएस केंद्र में आइजी रैंक के पैनल में शामिल






**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड कैडर के 2006 बैच के चार आईपीएस अधिकारियों को केंद्र में आईजी रैंक के पैनल में शामिल किया गया है। इनमें 2005 बैच के आईजी प्रोविजन पद पर पदस्थापित पंकज कंबोज, बोकारो जोनल आईजी माइकल राज एस, आईजी ट्रेनिंग ए विजया लक्ष्मी और अनूप टी मैथ्यू शामिल हैं। अनूप टी मैथ्यू वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं।

**देशभर के 71 आईपीएस आईजी रैंक में हुए इंपैनल :** केंद्र सरकार की कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने पूरे देश के 2006 बैच के आईपीएस अधिकारियों के लिए आईजी व आईजी समानांतर पद पर इंपैनल करने का विचार किया था। इसके तहत देशभर के अलग-अलग राज्यों के कुल 71 आईपीएस आईजी रैंक में इंपैनल हुए। इनमें झारखंड कैडर के 2006 बैच के चार आईपीएस अधिकारी भी शामिल हैं।

# खादी एवं सरस महोत्सव में हर रोज बढ़ती जा रही भीड़, 20,000 लोगों ने किया भ्रमण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड उद्योग विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव के चौहदवें दिन गुरुवार को सुबह से ही लोगों का आगमन शुरू हो गया था। जैसे-जैसे महोत्सव के समापन की तिथि निकट आ रही है, वैसे-वैसे महोत्सव में लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। महोत्सव में लगभग 15,000 टिकट बिके एवं लगभग 20,000 हजार लोगों ने महोत्सव का भ्रमण किया। महोत्सव में झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के स्टॉल में सूती, रेशमी, उनी बंडी, कुर्ता, पजामा, ड्रेस मैटरियल, टोपी, मफलर, शॉल तथा महिलाओं के लिए उनी सलवार कुर्ती, सूती-रेशमी बंडी तथा सूती-रेशमी साड़ी, डिजिटल प्रिंटेड साड़ी, सोहराई प्रिंटेड साड़ी, म्यूरल साड़ी, सेल्फ विविंग, मधुबनी प्रिंटेड साड़ियां तथा ग्रामोद्योग उत्पाद पंसद किये जा रहे हैं। रांची जिला वनवासी खादी ग्रामोद्योग विकास संस्थान के स्टॉल में उनी वस्त्रों के विभिन्न प्रकार के थान उपलब्ध हैं। हरिजन आदिवासी कल्याण परिषद, कुचाई, सरायकेला-खरसावां स्टॉल में गर्म कपड़ों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के गर्म चादर, शॉल उपलब्ध हैं, सिंहभूम खादी ग्रामोद्योग विकास संस्थान, निमडी, चाईबासा, विकास भारती बिशुनपुर, गुमला, बंगाल का वीरभूम की खादी एवं उत्तरप्रदेश के जय मां विंध्यवासिनी महिला स्वयं सहायता समूह जैसे स्टॉल में खादी वस्त्र एवं ग्रामोद्योगी प्राप्त किये जा सकते हैं।

**पुलिस मुख्यालय का आदेश**

# 15 जनवरी तक करायें झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन के कार्यकाल के समाप्त होने के एक वर्ष बाद भी चुनाव प्रक्रिया अभी तक संपन्न नहीं हो पायी है। इसको लेकर डीआईजी कार्मिक ने एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह को पत्र लिखकर 15 जनवरी तक चुनाव कराने का आदेश दिया है।

**15 जनवरी तक नहीं हुआ चुनाव तो मुख्यालय तय करेगी तिथि**

प्रांतीय अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा गया है कि 23 दिसंबर 2024 को आपने बताया था कि जनवरी महीने में एक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सप्तम महाधिवेशन सह केंद्रीय पदाधिकारियों के चुनाव की तिथि और स्थान निर्धारित कर पुलिस मुख्यालय को अवगत कराया जायेगा।

इस संदर्भ में आपको निर्देशित किया जाता है कि 15 जनवरी 2025 को सप्तम महाधिवेशन-सह-केंद्रीय पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न कर झारखंड पुलिस मुख्यालय को सूचित किया जाये। यदि यह चुनाव नहीं किया जाता है, तो पुलिस मुख्यालय अपनी ओर से चुनाव की तिथि निर्धारित करेगा, और उस तिथि पर चुनाव कराना अनिवार्य होगा।

**एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक ने डीआईजी को लिखा था पत्र**

गौरतलब है कि 26 दिसंबर 2024 को पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक पंकज कुमार तिवारी ने डीजीपी को इस संदर्भ में पत्र लिखा था।

डीजीपी को लिखे गये पत्र में कहा गया था कि पुलिस एसोसिएशन के कार्यकाल समाप्ति के एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी सप्तम महाधिवेशन सह केंद्रीय पदाधिकारी का चुनाव नहीं हुआ है।

# चयनित गृहरक्षकों की नियुक्ति के मामले में अनिल पाल्टा से मिले बंधु तिर्की



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने आज 2017 में अंतिम रूप से चयनित ईटकी एवं नगड़ी के गृहरक्षकों के साथ अनिल पाल्टा से मुलाकात कर 2017 में रांची के ईटकी और नगड़ी प्रखण्ड के चयनित गृहरक्षकों की नियुक्ति का आग्रह किया। मालूम हो कि 2017 में गृहरक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान ही बेड़ो प्रखण्ड से अलग कर ईटकी तथा रातू प्रखंड से अलग कर नगड़ी प्रखण्ड का गठन किया गया था जिसके कारण संबंधित ईटकी एवं नगड़ी प्रखण्ड के अंतिम रूप से चयनित गृहरक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकी थी।

# डोरंडा जेवर दुकान में सेंधमारी कर लाखों के गहने उड़ा ले गये चोर, सीसीटीवी भी ले उड़े

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नए साल को लेकर रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सभी थाना प्रभारियों को विशेष रूप से अलर्ट रहने को कहा था। डोरंडा इलाके में चोरों ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को धत्ता बताते हुए एक जनवरी की रात एक जेवर दुकान सहित दो दुकानों में सेंधमारी कर लाखो के गहने उड़ा लिए।

**सीसीटीवी भी उखाड़ ले गए, 15 लाख के गहने गायब :** रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित श्री कृष्णा ज्वेलर्स में अज्ञात चोरों के द्वारा सेंधमारी कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। घटना एक जनवरी की देर रात की है। जेवर दुकान के मालिक गोपाल सोनी ने बताया कि 1 जनवरी की रात उनके जेवर दुकान में अज्ञात चोरों के द्वारा 10 से 15 लाख रुपए के गहने चोरी कर लिए गए हैं। चोर दुकान के पीछे वाली दीवार को काटकर अंदर घुसे थे और तिजोरी को तोड़कर उसमें रखा सारा गहना लेकर रफूचक्कर हो गए। दुकान में सीसीटीवी कैमरा भी लगा हुआ था लेकिन चोर डीवीआर और सीसीटीवी कैमरा दोनों उखाड़ कर अपने साथ लेते चले गए। जेवर दुकान के बगल स्थित एक दुकान में भी सेंधमारी कर चोरी को अंजाम दिया गया है लेकिन वहां चोरों को कुछ विशेष हाथ नहीं लगा।

**डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम ने की जांच :** चोरी की वारदात की जानकारी मिलने के बाद हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा और डोरंडा थाने की टीम मौके पर पहुंची। चोरों का सुराग हासिल करने के लिए मौके पर डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। हालांकि अभी तक चोरों का कोई सुराग पुलिस को हाथ नहीं लगा है। मौके पर पहुंचे हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि अज्ञात चोरों के द्वारा जेवर दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम के द्वारा जांच कराई गई है। पुलिस की टीम को कुछ सुराग हाथ लगे हैं, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# भाजपा ने सेठी के रूप में एक समर्पित कार्यकर्ता को खो दिया : रवींद्र राय

- दिवंगत गुरविंदर सिंह सेठी का पार्थिव शरीर भाजपा मुख्यालय में दर्शनार्थ रखा गया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा मुख्यालय में गुरुवार को स्वर्गीय गुरविंदर सिंह सेठी का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिये लाया गया। भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने पार्टी का ध्वज स्वर्गीय गुरविंदर सिंह सेठी के पार्थिव शरीर पर अर्पित कर उन्हें नमन किया। पुष्प गुच्छ अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि गुरविंदर सिंह सेठी का असामयिक निधन भाजपा के लिये अपूरणीय क्षति है। वे एक समर्पित और सेवाभावी कार्यकर्ता थे। लोगों के दुख दर्द में सदैव खड़े रहते थे। भाजपा के अलावा कई सामाजिक संस्थाओं से उनका जुड़ाव था। एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई थी। भाजपा ने उन्हें जो जिम्मेवारी दी उसे उन्होंने बखूबी निभाया। नाराजगी और शिकायत उन्हें दूर-दूर तक नहीं छू पाया। पार्टी में स्वर्गीय सेठी जैसे कार्यकर्ता बिरले मिलते हैं।

**हरमू मुक्तिधाम में हुआ अंतिम संस्कार :** भाजपा मुख्यालय में अंतिम दर्शन के बाद स्वर्गीय सेठी का पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिये हरमू मुक्ति धाम लाया गया। जहां सिख परंपरा के अनुसार उन्हें उनके पुत्र अस्मित सिंह द्वारा मुखाग्नि दी गई। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा अंतिम संस्कार में शामिल हुये। उनके पुत्र सहित परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना प्रकट की और ढांढस बंधाया। श्री मुंडा ने कहा कि ईश्वर स्वर्गीय गुरविंदर सिंह सेठी की आत्मा को शांति प्रदान करें तथा परिजनों को दुख की बेला में धैर्य और साहस प्रदान करें।

इस अवसर पर श्रद्धांजलि देने वालों में पार्टी के यदुनाथ पांडेय, नवीन जायसवाल, आरती कुजूर, अजय मारू, ऊषा पांडेय, सुबोध सिंह गुड्डू, वरुण साहू, अमरदीप यादव, पवन साहू, शशांक राज, कमाल खान, लक्ष्मी चंद दीक्षित, शिवपूजन पाठक, प्रेम मित्तल, राजीव रंजन मिश्रा, तारिक इमरान, रौशनी खलखो, माया सिंह, मंजुलता दुबे, शोभा यादव,रमेश सिंह, सूरज चौरसिया, सतीश सिन्हा, सांवरमल अग्रवाल, हरविंदर बेदी, अरविंद खुराना, बलबीर सलूजा, रविप्रकाश टुन्ना सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

# सीएम की पहल पर कैमरून से श्रमिकों की सुरक्षित वापसी

- श्रमिकों को योजनाओं से भी जोड़ने का आदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर कैमरून में फंसे झारखंड के श्रमिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित हो रही है। इस क्रम में एक बार फिर गुरुवार को 27 श्रमिकों की सुरक्षित वापसी हुई। शेष 08 श्रमिक 3 जनवरी की सुबह बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। मालूम हो कि कैमरूम में फंसे 47 श्रमिकों में से 11 श्रमिकों की वापसी 29 दिसंबर 2024 को हुई थी। इसके बाद गुरुवार को 27 श्रमिकों को सुरक्षित लाया गया था। शेष श्रमिक भी भारत पहुंच चुके हैं। लेकिन ये सभी शुक्रवार की सुबह झारखंड पहुंचेंगे।

झारखंड के हजारीबाग, बोकारो तथा गिरिडीह के 47 श्रमिक सेंट्रल वेस्ट अफ्रीका के कैमरून में अगस्त 2024 से कार्यरत थे। इन्हें वेतन भुगतान और कंपनी द्वारा अच्छा व्यवहार नहीं किये जाने की जानकारी मुख्यमंत्री को प्राप्त हुई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया था। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुये श्रमिकों और संबंधित कंपनी से संपर्क कर मामले का सत्यापन किया। प्राप्त शिकायत के आधार पर सचिव एवं श्रमायुक्त के निर्देशानुसार संबंधित जिलों के श्रम अधीक्षकों ने नियोजकों-नियोक्ताओं और बिचौलियों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज किया है। कंट्रोल रूम की टीम लगातार ई-मेल और फोन के माध्यम से अधिकारियों, कंपनी एवं श्रमिकों से संपर्क करते हुये श्रमिकों का कुल 39,77,743 बकाया रुपये का भुगतान कराया।

**श्रमिक भाईयों को योजना से जोड़ें**

मुख्यमंत्री ने श्रमिकों की वापसी के बाद विभागीय सचिव को इन श्रमिकों का पारिवारिक विवरण संग्रह कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से संबद्ध करने का निर्देश दिया है। इस निर्देश के उपरांत सभी संबंधित श्रम अधीक्षक श्रमिकों का विवरण प्राप्त कर उन्हें योजनाओं का लाभ देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# सभी जिलों की पुलिस लाइन और वाहिनी में खुलेंगे पेट्रोल पंप

- तैयारियों में जुटा झारखंड पुलिस मुख्यालय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने के लिए अब सभी जिलों में भी पुलिस-प्रशासन पेट्रोल पंप संचालित करेगा। अन्य बड़े शहरों की तर्ज पर यहां भी एक ऐसा पेट्रोल पंप होगा, जिसे निजी कंपनी या व्यक्ति नहीं बल्कि पुलिस वाले चलायेंगे.। जल्द ही झारखंड के हर जिले के पुलिस लाइन और आर्म्ड फोर्स वाहिनी में पेट्रोल पंप स्थापित करने की तैयारी चल रही है। इसको लेकर पुलिस मुख्यालय ने तैयारी भी शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, इसको लेकर गुरुवार को डीजीपी की अध्यक्षता इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के अधिकारियों के साथ एक बैठक भी आयोजित की गयी।

पेट्रोल पंप से होने वाली आय को लोगों की मुलभूत सुविधाओं के लिए भी खर्च किया जायेगा। विविध सामाजिक व अन्य कार्यों के लिए पुलिस के पास फंड की व्यवस्था भी इसी आय के स्त्रोत से होगी। आम तौर पर शिकायत रहती है कि पुलिस के पास फंड की समस्या है। पंप में पुलिस वाले खुद काम न कर अन्य युवाओं को काम पर रख सकते हैं, इससे लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

### इस तरह से होगा पेट्रोल पंप का संचालन

जानकारी के मुताबिक, जिले के पुलिस लाइन और आर्म्ड फोर्स के वाहिनी में स्थापित होने वाले पेट्रोल पंप का संचालन पुलिस विभाग करेगा। जो भी लाभांश आयेगा, वह पुलिस वेलफेयर में खर्च किया जायेगा। पंप की स्थापना के लिए जगह चिन्हित किया जायेगा। पंप के खुलने से लोगों को मिलावट रहित और सही माप में पेट्रोल-डीजल मिल सकेगा।

# सीआईएल : टारगेट तक पहुंचने के लिए तीन माह में 294.64 एमटी उत्पादन करना होगा

- चालू वित्तीय वर्ष पहले नौ माह में कोल इंडिया लिमिटेड का उत्पादन आंकड़ा 543.36 मिलियन टन पर पहुंचा है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** चालू वित्तीय वर्ष पहले नौ माह में कोल इंडिया लिमिटेड का उत्पादन आंकड़ा 543.36 मिलियन टन पर पहुंचा है। सीआईएल को तीन माह में लक्ष्य तक पहुंचने के लिए 294.64 मिलियन टन का उज्पादन करना होगा।

### देखें अप्रेल से दिसम्बर तक का अनुषांगिक कंपनीवार कोयला उत्पादन (आंकड़े एमटी में) :-

| | |
|---|---|
| बीसीसीएल : 29 .06 | एनसीएल : 104 .9 |
| सीसीएल : 57 .33 | एसईसीएल : 111 .54 |
| ईसीएल : 33 .82 | डब्ल्यूसीएल : 45 .1 |
| एमसीएल : 161 .02 | सीआईएल कुल : 543 .36 |

झारखंड में देसी शराब की कम बिक्री पर मंत्री योगेन्द्र प्रताप ने जतायी चिंता, कहा

# शराब उत्पादक अगर राज्य की डिमांड पूरी नहीं कर पायेंगे तो फिर बाहर से आयात करायेंगे

- **मंत्री ने अवैध देसी शराब का सेवन करने वालों को किया सावधान**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** उत्पाद मंत्री योगेन्द्र प्रताप ने राज्य में शराब की बिक्री में अनियमितता को रोकने में गंभीरता दिखाने की अपेक्षा विभागीय अधिकारियों और शराब विक्रेताओं से की है। अवैध शराब की बिक्री से जान माल और राजस्व का नुकसान न हो, इसे लेकर भी विभाग से गंभीरता दिखाने को कहा है। नये साल के दूसरे दिन गुरुवार को विभागीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने देसी शराब उत्पादकों के साथ बैठक की। इसमें योगेंद्र प्रसाद ने देसी शराब उत्पादकों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बीते दो वित्तीय वर्षों से झारखंड में देसी शराब की बिक्री बहुत कम हुई है। यह चिंता का विषय है। अगर देसी शराब उत्पादक राज्य की डिमांड को पूरा नहीं कर पाएंगे तो फिर



मजबूरन दूसरे राज्यों से देसी शराब आयात किये जाने का निर्णय लेना होगा। उन्होंने बताया कि एक साल में देसी शराब पर 10 लाख रुपये पेटी का खर्च होता है, इसे उत्पादकों को पूरा करने की जरूरत है। इस दौरान देसी शराब उत्पादकों का कहना था कि उनके पास पर्याप्त स्टॉक है, लेकिन कुछ अधिकारियों की तरफ से बाहर से देसी शराब खरीदने की व्यवस्था की जा रही है। उनकी शिकायत पर मंत्री ने इस मामले का निष्पादन करने का आश्वासन दिया।

शराब की बिक्री में हो रही अनियमिताओं को लेकर योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है। यह कहीं भी कभी भी जांच कर सकती है और जांच के दौरान पाए जाने वाले अनियमिताओं के आधार पर कार्रवाई का भी प्रावधान बनाया गया है।

मंत्री ने देसी शराब की जगह अवैध देसी शराब का सेवन करने वालों को सावधान किया। उन्होंने कहा कि देसी शराब में हर मापदंड का ख्याल रखा जाता है, जो पीनेवालों की सेहत के लिए नुकसानदायक नहीं है और राज्य के राजस्व के लिए फायदेमंद भी है।

## सीएम हेमंत को राजीव रंजन ने दी गौ सेवा आयोग की संचालित योजनाओं की जानकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर गुरुवार को मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष की बधाई दी तथा राज्य गौ सेवा आयोग के द्वारा संचालित योजनाओं एवं राज्य के निबंधित गौशाला के आत्मनिर्भरता के लिए किए जा रहे कार्यों के सन्दर्भ में विस्तार से जानकारी भी दी।

आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने सीएम को बताया कि राज्य में गोबर प्रसंस्करण में



प्रशिक्षण के माध्यम से साढ़े पांच हजार महिलाओं को रोजगार के दृष्टिकोण से प्रशिक्षित कर उन्हें स्वावलंबी बनाने का प्रयास हो रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत पायलट प्रोजेक्ट के तहत रांची जिले के बीस प्रखंड की दो सौ महिलाओं को प्रशिक्षित कर किया जा चुका है। साथ ही साथ आयोग के प्रस्तावित कार्यक्रम पारिस्थितिकी संतुलन एवं आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में गो सेवा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर राष्ट्रीय स्तर की दो दिवसीय कार्यशाला के आयोजन के बारे में भी बताया। इस कार्यक्रम हेतु मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन के लिए सीएम को अध्यक्ष ने आमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री ने जल्द ही इस संबंध में सूचित करने की बात कही।

## हथियार के साथ तीन वाहन चोर गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो


**रांची।** राजधानी पुलिस ने तीन वाहन चोर को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में बलवंत सिह, रौशन कुमार सिंह, और राहुल कुमार शामिल हैं। तीनों अभियुक्तों की निशानदेही पर एक देसी कट्टा, एक राउंड गोली और कोतवाली थाना क्षेत्र से चोरी हुई स्कूटी बरामद की गयी है। इस बात की जानकारी सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।



**अभियुक्तों की निशानदेही पर हथियार व चोरी की स्कूटी बरामद की :** राजकुमार मेहता ने बताया कि एक जनवरी को चोरी के पिकअप वैन के साथ तीन लड़कों को पकड़कर डोरंडा थाना लाया गया।

पूछताछ में उन्होंने बताया कि वो टोटो चलाते हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि तीनों ने बीते 29 दिसंबर की रात को इंड्रस्ट्रीयल एरिया से पिकअप वाहन चोरी की थी। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वे अपने साथ देसी कट्टा, एक गोली और मास्टर चाभी लेकर गये थे। इसके बाद पुलिस ने तीनों अभियुक्तों की निशानदेही पर एक देसी कट्टा, एक राउंड गोली और कोतवाली थाना क्षेत्र से चोरी हुई एक स्कूटी बरामद की।

## बिशप वेस्टकॉट बॉयज स्कूल के छात्र शौर्य संजीव मिश्रा ने लिया इसरो मिशन वर्कशॉप में भाग



रांची। बिशप वेस्टकॉट बॉयज स्कूल, नामकुम के क्लास सेवंथ के छात्र शौर्य संजीव मिश्रा ने इसरो के सहयोग से इसरो मैजिका स्पेस टेक के द्वारा आयोजित चार दिवसीय वर्कशॉप में भाग लिया। इस वर्कशॉप में स्पेस से संबंधित कई जानकारियां दी गईं। वर्कशॉप में आयोजित कई प्रतियोगिताओं भी शौर्य ने सर्वोत्तम पॉइंट्स प्राप्त किए। वर्कशॉप में देश- विदेश के एक हजार से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस उपलब्धि पर स्कूल के प्राचार्य जे जे एडविन ने बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के वर्कशॉप में भाग लेना गौरव की बात है।

## एडीजी सुमन गुप्ता ने ई-साक्ष्य ऐप को लेकर की समीक्षा बैठक, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एडीजी प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण सुमन गुप्ता ने गुरुवार को ई-साक्ष्य ऐप को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी जिलों के एसएसपी, एसपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में अपराधिक कानून में प्रावधानित अपराध दृश्य, घटनास्थल, तलाशी और जब्ति प्रक्रिया और वादी एवं साक्षियों के बयान को इलेक्ट्रानिक माध्यम से रिकॉर्ड किये जाने और ई-साक्ष्य ऐप पर अपलोड करने पर समीक्षा हुई।



समीक्षा में एडीजी ने अनुसंधान के मद्देनजर सभी जिलों के एसपी को इस तथ्य से अवगत कराया कि जिस कांड में सात साल से अधिक का सजा का प्रावधान है, उस कांड की विशेष रूप से वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी के लिए शत प्रतिशत अनुसंधानकर्ताओं को ई-साक्ष्य ऐप का उपयोग अनिवार्य रूप से कराया जाए। साथ ही हिदायत दी गयी कि अनुसंधान में वांछित वीडियोग्राफी या फोटोग्राफी नहीं होने से भविष्य में कोर्ट द्वारा कोई प्रतिकूल टिप्पणी की जाती है या अनुसंधान को खारिज किया जाता है, या फिर झूठा होने का निर्णय दिया जाता है, तो ऐसे में इसकी पूरी जिम्मेदारी कांड के अनुसंधानकर्ता पर होगी। समीक्षा बैठक में पुलिस मुख्यालय की टीम द्वारा तैयार प्रजेंटेशन के माध्यम से ई-साक्ष्य ऐप का उपयोग की विधि की जानकारी जिलों के सभी वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक के साथ साझा किया गया।

## हुंदूर और चंदवे में रास सांसद आदित्य साहू ने बांटे कंबल

**रांची।** कांके के हुंदुर पंचायत भवन के पास गुरुवार की सुबह 10 बजे हुंदूर वा चंदवे पंचायत के बुजुर्ग, गरीब असहाय के बीच लगभग 150 कंबल बांटे गये। बुधवार को ओरमांझी प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में वृद्धि गरीब परिवार के बीच गांव-गांव जा कर कड़कड़ाती ठंड सितलहर से राहत के लिए सुदूर क्षेत्रों में कंबल वितरण कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी। मौके पर भाजपा रांची ग्रामीण महामंत्री नरेंद्र कुमार ,मेसरा मंडल अध्यक्ष, महानंद महतो , हुंदूर पंचायत मुखिया ,रजनी देवी ,पप्पू महतो दिलीप महतो मेसरा मंडल के मीडिया प्रभारी शंकर साहु अन्य भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पूर्व कृषि मंत्री के खिलाफ नहीं हो सका आरोप गठन

**रांची।** 46.10 करोड़ रुपए के 15 साल पुराने कृषि घोटाले में अब तक आरोपियों पर आरोप गठित नहीं किया जा सका है। मामले में आरोपी पूर्व कृषि मंत्री नलिन सोरेन पर आरोप गठन की तारीख गुरुवार को निर्धारित थी। लेकिन, नहीं हो सकी। एसीबी की विशेष अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 27 जनवरी निर्धारित की है। नलिन सोरेन के बीते दिसंबर महीने में पुलिस पेपर सौंप दिया गया है। इसी मामले में आरोपी पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी आरोपी हैं। मालूम हो कि घोटाले को लेकर जुलाई 2009 में निगरानी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच अधिकारी ने सत्यानंद भोक्ता, नलिन सोरेन, कृषि सचिव वी जयराम, निस्तार मिंज समेत अन्य पर ठोस साक्ष्य के साथ साल 2014 में चार्जशीट दाखिल की थी। इस पर अदालत ने संज्ञान लेते हुये मुकदमे में आगे की कार्यवाही प्रारंभ की है।

## 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेलों की मेजबानी करने रांची तैयार

- **आज से शुरू होगा खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी में 4 जनवरी से शुरू हो रहे 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेलों के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में आयोजन से जुड़ी सभी 17 समितियों के पदाधिकारियों के साथ निर्णायक बैठक हुई। इसमें राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग समेत खेल कोषांग के पदाधिकारी और विभिन्न समितियों से जुड़े सदस्यों ने भाग लिया। मौके पर शशि रंजन ने कहा कि सफल



आयोजन के लिए मुस्तैदी से कार्य करने वाले समितियों के सदस्यों को पुरस्कृत किया जाएगा। गुरुवार से टीमों का आना भी शुरू हो गया है, ऐसे में उनके आवासन, पंजीकरण और स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी तरह की कोताही ना की जाए। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने टीमों के लिए अधिकृत संपर्क अधिकारियों को सतर्क रहने और टीम के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। श्री रंजन ने कहा कि प्रबंधन से लेकर ग्राउंड स्तर तक पदाधिकारी तैयारियों को 2 जनवरी की शाम तक हर हाल में पूरा कर लें।

**बालिकाओं के लिए विशेष आवासन की व्यवस्था :** खेल आयोजन में भाग लेने के लिए विभिन्न राज्यों से खिलाड़ी रांची पहुंचने लगे हैं। जो टीमें रांची पहुंची हैं, उनमें कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान, असम, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी की टीम शामिल है। बालिका खिलाड़ियों के लिए नामकुम स्थित झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और रातू स्थित झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में विशेष आवासन की व्यवस्था की गयी है। ना सिर्फ बालिकाओं बल्कि बालक खिलाड़ियों के लिए भी 24 घंटे (दो शिफ्ट में) मेडिकल टीम तैनात रहेगी। खवळ और खउएफ्ळ में महिला मेडिकल स्टाफ तैनात रहेंगी। खिलाड़ियों के आगमन, आवासन और उनके पंजीकरण को ध्यान में रखते हुए राज्यस्तर पर गुरुवार से कंट्रोल रूम को सक्रिय कर दिया गया है। किसी तरह की असुविधा होने पर संबंधित पदाधिकारियों से फोन पर संपर्क किया जा सकता है।

## खबर एक नजर में

### कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मुख्यमंत्री से मिले



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरूवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों ने एक-दूसरे को नव वर्ष 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी।

### मंत्री राधा कृष्ण किशोर मुख्यमंत्री से मिले

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरूवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मंत्री चमरा लिंडा, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं विधायक सोनाराम सिंकू ने मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनायें देते हुये उनके मंगलमय जीवन की कामना की।

### पंचायती राज सचिव सीएम से मिले

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरूवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में पंचायती राज विभाग प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार, विशेष सचिव प्लानिंग राजीव रंजन, निदेशक आईटी आदित्य रंजन, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु मोहन, उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री एवं संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रवीण प्रकाश ने मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने भी अपनी ओर से उन्हें नव वर्ष की बधाई एवं मंगलकामनायें दी।

### बीआईटी मेसरा के कुलपति सीएम से मिले

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरूवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में बीआईटीण्मेसरा के कुलपति डॉ इंद्रनील मन्ना, झारखंड राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, झारखंड लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ जमाल अहमद ने मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने भी उन्हें नूतन वर्ष की बधाई एवं मंगलकामनायें दी।

### रेलवे और एचईसी की जमीन से उजाड़े गये बेघर परिवारों का ठंड में हाल बेहाल, बच्चे होने लगे हैं बीमार

**रांची।** रेलवे और एचईसी की जमीन पर बसे अवैध कब्जाधारियों को प्रशासन पिछले पंद्रह दिन से हटा रहा है। बिरसा चौक, बाईपास रोड, पत्थर कोचा और सुंदरगढ़ में अवैध कब्जाधारियों को हटाया गया है। इस कारण बेघर हुए लोग ठंड से ठिठुर रहे हैं। बेघर लोग अपने और परिवार को बचाने के लिए खुले आसमान के नीचे प्लास्टिक के छप्पर लगाकर जीवन काट रहे हैं। राजधानी में इन दिनों 8.5 से 12-13 डिग्री सेल्सियस तापमान रह रहा है। ठंड के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। इनके बच्चे भी ठंड लगने से बीमार पड़ रहे हैं। इन बेघर लोगों ने बताया कि पुनर्वास किये बिना उन्हें उजाड़ दिया गया है। उनके पास रहने के लिए घर नहीं है। कमाने-खाने के इंतजाम नहीं हैं। पहले फटे तिरपाल और तंबुओं में रह रहे थे। प्रशासन ने उजाड़ा तो तिरपाल और तंबू भी नष्ट हो गये। लोगों का कहना है कि जब जेसीबी का आवाज सुनाई पड़ती हैं, तो सभी डर जा रहे है। सभी एक जगह इकट्ठा हो जाते हैं। रात के समय में ठंड काफी बढ़ जाती है। हमारे पास न छत है और न ही ठंड से बचने क लिए गर्म कपड़े। सुंदरगढ़ के रहने वाले अजय नायक ने कहा कि उनके इलाके में एक हजार लोग होंगे। सभी लोग डरे और सहमे हुए हैं। क्योंकि एचईसी के अधिकारी कब उनके घरों पर बुलडोजर चलवा दे। यह बात सभी परिवारों को सता रही है। जेसीबी की आवाज सुनते ही बच्चे घर की ओर दौड़ लगाते हैं। मां बाप को आवाज देना शुरू कर देते हैं। उनसे लिपट जाते हैं।

### 350 श्रद्धालु पटना साहिब में प्रकाश पर्व में शामिल होंगे

**रांची।** पटना साहब में प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए गुरु नानक सत्संग सभा के 130 श्रद्धालुओं का जत्था आज और 150 श्रद्धालुओं का जत्था चार जनवरी को हटिया रेलवे स्टेशन से पटना साहिब में श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व में शामिल होने पटना के लिए रवाना होगा। इसके अलावा चार एवं पांच जनवरी को वंदे भारत ट्रेन एवं बस के द्वारा अलग-अलग जत्थों में 70 श्रद्धालुओं का जत्था पटना साहिब के लिए रांची से प्रस्थान करेगा। प्रकाश पर्व के सभी आयोजनो में शामिल होने के बाद सभी श्रद्धालुओं का जत्था 8 जनवरी को वापस रांची पहुंचेगा। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि श्रद्धालुओं के जत्थे के रांची वापस पहुंचने के बाद 11 एवं 12 जनवरी को सत्संग सभा द्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में दो दिवसीय भव्य विशेष दीवान सजाया जाएगा। जिसमें 11 जनवरी,शनिवार को सुबह 8:00 से 10:00 बजे तक तथा रात आठ बजे से ग्यारह बजे तक एवं 12 जनवरी,रविवार को सुबह दस बजे से दोपहर ढाई बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा। इन सभी दीवानों में विशेष रूप से शिरकत करने पहुंच रहे सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई गुरमन प्रीत सिंह जी,दिल्ली वाले शबद गायन कर रांची की साध संगत को निहाल करेंगे. सभी दीवानों की समाप्ति के उपरांत सभा द्वारा गुरु का अटूट लंगर चलाया जाएगा। गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा साहिब में 6 जनवरी सोमवार को श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व मनाया जाएगा। इस उपलक्ष में रात 8:00 बजे से 1.00 बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने दी।

### एक्वा वर्ल्ड में सात दिवसीय कार्निवल का रंगारंग समापन



- **कार्निवल से बढ़ती है प्रतिस्पर्धा की भावना : डॉ प्रदीप वर्मा**

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड में कार्निवल का गुरूवार को रंगारंग समारोह में समापन हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद डॉक्टर प्रदीप शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी सरिता वर्मा उपस्थित थे। समापन समारोह में डॉ प्रदीप वर्मा और सरिता वर्मा ने वॉलिंटियर्स को सम्मानित किया। सारे वॉलिंटियर्स विभिन्न कॉलेजों के प्रोफेशनल कोर्स कर रहे छात्र छात्रायें थे। डॉक्टर वर्मा ने कहा कि कार्निवल के आयोजन से इन युवाओं को क्लासरूम के बाहर की वास्तविक जीवन की बारीकियों को सीखने का मौका मिलता है। यही युवा शक्ति भविष्य में देश के निर्माण में अपना सार्थक योगदान देती है। उन्होंने कहा कि सात दिवसीय कार्निवल ने रांची वासियों का भरपूर मनोरंजन किया। उन्होंने कहा कि एक्वा वर्ल्ड के कार्निवल जैसे आयोजनों से रांचीवासियों को स्वस्थ मनोरंजन मिला। विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों के हिस्सा लेने से प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है और उनका कॉन्फिडेंस का लेवल भी ऊंचा होता है। कार्निवल के प्रति रांची वासियों का आकर्षण बरकरार है। इसके पूर्व एक्वा वर्ल्ड समूह के अध्यक्ष प्रतुल शाहदेव ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने अतिथियों को छोटानागपुर के पारंपरिक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्या झा शाहदेव ने किया। मौके पर लोकेश चौधरी, अभिषेक गिरी, राहुल शाहदेव, कैला यादव, आनंद, सौरव, प्रदुम्न, आकाश, आयुष, खुशबू, अंजली, शगुन, सौम्या, पीयूष, आदित्य, शिवेश, प्रशांत, नितिन, अपराजिता कोमल, तान्या, सान्या एवं अन्य उपस्थित थे।

# प्रदेश कांग्रेस ने डॉ मनोमहन को भारत रत्न देने की मांग की

- **श्रद्धांजलि सह सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की श्रद्धांजलि सह सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन गुरुवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कु. बलमुचू, विधायक सोना राम सिंकू, निशात आलम, सुरेश बैठा, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं ने भाग लिया।

सर्वधर्म प्रार्थना सभा की शुरूआत स्व. मनमनोहन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तदोपरांत सिख समुदाय द्वारा गुरूवाणी का पाठ कर अरदास किया गया और बजरंग बली मंदिर से आये ब्राशणों ने स्वाति



वाचन तथा मदीना मजिस्द के इमाम साहब ने मुल्क तेलावते कुरान के साथ दुआ किया गया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि देश जब आर्थिक संकट से झेल रहा था तब ग्लोबल मंदी से निकाल कर देश को आर्थिक ताकत बनाने में डॉ. मनमोहन सिंह की अहम भूमिका रही। इसलिए मनमोहन सिंह को भारत रत्न मिलना चाहिए।

**संत प्रवृति के नेता थे मनमोहन सिंह : केशव महतो कमलेश**

स्वर्गीय मनमोहन सिंह की श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जितने सॉफ्ट थे। वहीं देश हित के लिए फैसले लेने में वह उतने ही कठोर हो जाते थे। उन्होंने कहा कि देश को आर्थिक मंदी से निकाल कर विकास की राह पर ले जाने में डॉ. मनमोहन सिंह की भूमिका अहम रही।

**झारखंड विधानसभा भारत रत्न देने का प्रस्ताव पारित करे सरकार : सुबोधकांत**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह न सिर्फ एक उत्कृष्ट व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति और सफल प्रधानमंत्री रहे। इसके अलावा वे एक महान अर्थशास्त्री भी थे, ऐसे में जिस तरह तेलांगना सरकार ने विधानसभा से प्रस्ताव पास कराकर स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह को भारत रत्न देने की मांग की है। इसी तरह से झारखंड सरकार को पहल करके विधानसभा से प्रस्ताव पारित कराकर केंद्र को भेजे ताकि डॉ मनमोहन सिंह को भारत रत्न मिले।

**आर्थिक वृद्धि, वैश्विक पहचान के प्रतिक थे मनमोहन सिंह: राजेश कच्छप**

कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप ने कहा कि भारत के 13वें प्रधानमंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह ने देश का नेतृत्व शांति, दृढ़ संकल्प और असाधारण बुद्धिमत्ता के साथ किया। उनका कार्यकाल निरंतर आर्थिक वृद्धि, वैश्विक पहचान और सामाजिक प्रगति से चि?ित था। उन्होंने 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान भारत को इस संकट से बचाने के लिए रणनीतिक उपाय किए।

**इतिहास में अंकित रहेगा मनमोहन सिंह का कार्यकाल : राधा कृष्ण किशोर**

वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि डॉ. सिंह की समावेशी विकास, अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति और आर्थिक आधुनिकीकरण के प्रति प्रतिबद्धता ने भारत की वैश्विक स्थिति को मजबूत किया, जबकि साथ ही साथ सामान्य नागरिकों की भलाई पर भी ध्यान केंद्रित किया। उनका दृष्टिकोण और कार्यकाल एक ऐसे सहानुभूतिशील, सुधारक नेता के रूप में इतिहास में अंकित रहेगा, जिन्होंने स्थिरता और विकास को प्राथमिकता दी।

**आर्थिक सुधारों के लिए सदैव याद किये जाएगें मनमोहन सिंह : प्रदीप बलमुचू**

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप बलमुचू ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह का योगदान देश भूला नहीं पायेगा। आर्थिक सुधारों के कारण वे सदैव याद किये जाएगें। वे वैट लागू किया, सेल्स टैक्स के नियमों को सरल किया। आधार के द्वारा देशवासियों को विशिष्ट पहचान प्रदान किया।

श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से राकेश सिन्हा, अभिलाष साहु, रविन्द्र सिंह, राजन वर्मा, जयशंकर पाठक, राजीव रंजन प्रसाद, अलोक दूबे, डॉ राजेश गुप्ता, मंजूर अंसारी, नेली नाथन, रमा खलखो, भीम कुमार, संजय लाल पासवान, जगदीश साहु, आभा सिन्हा, प्रभात कुमार बलजीत सिंह बेदी, निरंजन पासवान, डॉ एम तौसीफ, विनय सिन्हा दीपू, राकेश किरण महतो, प्रमोद दूबे, आनंद बिहारी दूबे, केदार पासवान, गजेन्द्र सिंह, खर्शीद हसन रूमी, कमल ठाकुर,संजय पांडे, केके गिरी, राजेश सिन्हा सन्नी, सुधीर चन्द्रवंशी, धर्मराज राम, वारिश कुरैशी, दयामनी बारला, अमूल्य नीरज खलखो, सुरेन राम, विनय उरांव, राजू राम, रामाकांत आनंद, मनोज सहाय पिंकू, नरेन्द्र लाल गोपी, जितेन्द्र त्रिवेदी, संजय कुमार, इन्दिरा तूरी, नीतू देवी, पूर्णिमा सिंह, हुसैन खान, मो सफार निलम सहाय, अनिता सिन्हा, वेदप्रकाश तिवारी, जगन्नाथ साहु, अर्चना मिर्धा, साजिद अली खान, राजीव प्रकाश चौधरी, रमन सिंह, रामानंद केशरी सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल थे।

